# रणजी ट्रॉफी में चमका जम्मू-कश्मीर

## 65 साल में पहली बार दिल्ली पर जीत, कामरान इकबाल की शतकीय पारी से इतिहास रचा

**नयी दिल्ली, 11 नवंबर । रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी में सोमवार को जम्मू-कश्मीर ने इतिहास रच दिया। 65 वर्षों में पहली बार टीम ने दिल्ली को हराते हुए घरेलू क्रिकेट में अपनी सबसे यादगार जीत दर्ज की। कामरान इकबाल की नाबाद 133 रनों की शानदार पारी और गेंदबाज अकीब नबी के पांच विकेट के दम पर जम्मू-कश्मीर ने दिल्ली को सात विकेट से शिकस्त देकर पूरे छह अंक अपने नाम किए।**



जम्मू-कश्मीर ने दूसरे दिन के 55 रन पर दो विकेट से आगे खेलना शुरू किया। युवा बल्लेबाज कामरान

- **जम्मू-कश्मीर ने दिल्ली को सात विकेट से हराया**

इकबाल ने शानदार लय में बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली के गेंदबाजों पर हमला बोल दिया। उन्होंने अपने क्लासिक कवर ड्राइव्स और पुल शॉट्स से दर्शकों का दिल जीत लिया। वंशराज शर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 82 रनों की अहम साझेदारी की, जिससे टीम को जीत की दिशा में मजबूत आधार मिला। 38वें ओवर में जम्मू-कश्मीर का तीसरा विकेट 134 के स्कोर पर वंशराज शर्मा (8 रन) के रूप में गिरा। इसके बाद कप्तान पारस डोगरा क्रीज पर उतरे और कामरान के साथ संयमित खेल दिखाते हुए टीम को जीत की मंज़िल तक पहुंचाया। दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिए नाबाद 45 रन जोड़े और 43.3 ओवर में 179 रन बनाकर टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। कामरान इकबाल ने 147 गेंदों में 20 चौके और तीन छक्के जड़ते हुए 133 रनों की नाबाद पारी खेली। उनकी इस शतकीय पारी ने न केवल मैच का रुख पलट दिया बल्कि जम्मू-कश्मीर क्रिकेट इतिहास में नया अध्याय भी जोड़ दिया। पारस डोगरा 12 गेंदों पर 10 रन बनाकर नाबाद रहे।जम्मू-कश्मीर की इस जीत में गेंदबाज अकीब नबी का भी अहम योगदान रहा, जिन्होंने 35 रन देकर पांच विकेट झटके। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' घोषित किया गया। अकीब की सटीक लाइन और लेंथ ने दिल्ली के बल्लेबाजों को जकड़कर रखा। दूसरी पारी में भी दिल्ली के बल्लेबाज जम्मू-कश्मीर की गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सके और मात्र 277 रन पर सिमट गए। दिल्ली के लिए ऋतिक शौकीन ने दो और मनन भारद्वाज ने एक विकेट लिया, लेकिन टीम अपनी बल्लेबाजी विफलता से उबर नहीं पाई। दिल्ली ने पहली पारी में 211 रन बनाए थे, जबकि जम्मू-कश्मीर ने कप्तान पारस डोगरा (106) और अब्दुल समद (85) के दम पर 310 रन बनाकर 99 रनों की अहम बढ़त हासिल की थी। यही बढ़त अंततः निर्णायक साबित हुई। इस जीत ने जम्मू-कश्मीर टीम के मनोबल को नई ऊँचाई दी है। रणजी ट्रॉफी में पारंपरिक रूप से कमजोर मानी जाने वाली यह टीम अब मजबूत घरेलू इकाई के रूप में उभर रही है। कप्तान पारस डोगरा ने मैच के बाद कहा, 'यह जीत सिर्फ हमारी नहीं, पूरे जम्मू-कश्मीर क्रिकेट परिवार की है।

दिल्ली जैसी टीम को हराना हमेशा एक सपने जैसा होता है। हमने यह कर दिखाया।' कोच और टीम प्रबंधन ने भी खिलाड़ियों के जज़्बे और अनुशासन की तारीफ की। रणजी इतिहास में यह जीत इसलिए और अहम है क्योंकि दिल्ली जैसी अनुभवी टीम के खिलाफ जम्मू-कश्मीर ने अपने युवा खिलाड़ियों की बदौलत यह मुकाम हासिल किया। इस मुकाबले के साथ ही जम्मू-कश्मीर ने अंक तालिका में अपनी स्थिति भी मजबूत कर ली है। टीम अब ग्रुप डी में शीर्ष चार में शामिल हो गई है। दूसरी ओर, दिल्ली को इस हार से बड़ा झटका लगा है और उसके क्वार्टर फाइनल में पहुँचने की उम्मीदें अब कठिन हो गई हैं।

### विदर्भ ने ओडिशा को 100 रन से किया पराजित

**नागपुर, 11 नवंबर** . पार्थ रेखाड़े (5 विकेट) और प्रफुल हिंगे (3 विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी मुकाबले में ओडिशा को 100 रनों से हराकर पूरे छह अंक अपने नाम किए। ओडिशा की सलामी जोड़ी स्वास्तिक समल और गौरव चौधरी ने पहले विकेट के लिए 100 रन जोड़े, लेकिन उसके बाद मध्यम क्रम लड़खड़ा गया। पार्थ रेखाड़े ने इस प्रारूप में पहली बार पांच विकेट झटके। ध्रुव शोरे को मैच में दो शतक (144 और 101 रन) के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद लड़ेंगे चुनाव

**बेंगलुरु, 11 नवंबर** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि वह 30 नवंबर को होने वाले चुनावों में कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे।

- **30 नवम्बर को केएससीए के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव**
- **टीम के बाकी सदस्यों के नामों की घोषणा बाद में**

द कैपिटल होटल में टीम गेम चेंजर्स द्वारा आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में प्रसाद ने कहा कि वह जल्द ही अपनी बाकी टीम के नामों का खुलासा करेंगे। उन्होंने कहा, मैं केएससीए अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहा हूं। बाकी टीम के बारे में, मैं नामों की घोषणा बाद करूंगा।प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक क्रिकेट का स्तर खासकर पिछले तीन सालों में तेजी से गिरा है। उन्होंने कहा, पिछले 12 साल मुश्किल रहे हैं, लेकिन खासकर पिछले तीन साल बहुत निराशाजनक रहे हैं। महिला क्रिकेट पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यहां तक कि लीग मैच और चयन प्रक्रिया भी अव्यवस्थित तरीके से हो रही हैं।उन्होंने कहा कि उनकी टीम इन मुद्दों पर ध्यान देगी और राज्य में क्रिकेट के स्तर को वापस लाने के लिए कार्ययोजना पेश करेगी।



## ईडन गार्डन्स में टेस्ट के मद्देनजर सुरक्षा बढ़ाने की मांग की

**कोलकाता, 11 नवंबर** बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने रविवार से ईडन गार्डन्स में होने वाली भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच के मद्देनजर कोलकाता पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी करने का आग्रह किया है राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को हुए विस्फोट के मद्देनजर शहर हाई अलर्ट पर है। दिल्ली विस्फोट के बाद ईडन गार्डन्स और शहर के सभी महत्वपूर्ण मार्गों और सभी प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है।अतिरिक्त पुलिस व्यवस्था और व्यापक सुरक्षा घेरा लागू करने की मांग मुख्य रूप से दिल्ली में लाल किले के पास घातक कार बम विस्फोट को देखते हुए की गयी है। कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने सोमवार को एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी पुलिस थानों के अधिकारियों को आगामी टेस्ट मैच के मद्देनजर सुरक्षा-व्यवस्था चाक-चौबंद करने को कहा था। इस सुरक्षा-व्यवस्था में ईडन गार्डन्स स्टेडियम के बाहरी क्षेत्र, प्रवेश द्वार और दर्शक दीर्घाओं पर त्रि-स्तरीय पुलिस व्यवस्था की जाएगी। आयोजन स्थल के अंदर और बाहर सभी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों को स्टेडियम के अंदर और बाहर तैनात किया जाएगा।

- **दिल्ली विस्फोट को देखते हुए**



# आयरलैंड ने बनाए 270 रन

## बांग्लादेश-आयरलैंड पहला टेस्ट पहला दिन

**सिलहट ( बंगलादेश ) 11 नवंबर.** पॉल स्टर्लिंग (60) और कैड कारमाइकल (59), कर्टिस कैम्फर (44) और लोर्कन टकर (41) के योगदान से आयरलैंड ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन मंगलवार को स्टंप के समय आठ विकेट पर 270 रन बना लिये है।

आज यहां आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड को हसन महमूद ने पहले ही ओवर में कप्तान एंडी बालबर्नी (शून्य) को आउटकर पहला झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कैड कारमाइकल ने पॉल स्टर्लिंग के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिए 95 रनों की साझेदारी हुई। 27वें ओवर में नाहिद राणा ने पॉल स्टर्लिंग को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। पॉल स्टर्लिंग ने 76 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में मेहदी हसन मिराज ने हैरी टेक्टर (एक) को अपना शिकार बना लिया। 44वें ओवर में मेहदी हसन मिराज ने कैड कारमाइकल को आउटकर बंगलादेश को चौथी सफलता दिलाई। कैड कारमाइकल ने 129 गेंदों में सात चौकों की मदद से 59 रनों की जूझारू पारी खेली। पांचवें विकेट के रूप में कर्टिस कैम्फर 44 रन बनाकर आउट

- **पॉल स्टर्लिंग और कारमाइकल ने खेली अर्द्धशतकीय पारी**
- **बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने झटके तीन विकेट**

हुये। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाये। इसके बाद हसन मुराद ने लोर्कन टकर को विकेटकीपर लिटन दास के हाथों स्टंप कराकर पवेलियन भेज दिया। लोर्कन टकर ने 80 गेंदों में तीन चैके और दो छक्के लगाते हुए 41 रन बनाये। एंडी मैकब्राइन (पांच) और जॉर्डन नील 30 रन बनाकर आउट हुये। बंगलादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने तीन विकेट लिये। हसन मुराद को दो विकेट मिले। हसन महमुद, नाहिद राणा और तैजुल इस्लाम ने

## एक नजर में



### पचुका ने मुख्य कोच जैमे लोजानो को हटाया

**मेक्सिको सिटी .** मेक्सिको के शीर्ष क्लब पचुका ने टीम के मैनेजर और मुख्य कोच जैमे लोजानो को पद से हटा दिया है। मेक्सिको के फुटबॉल पचुका ने सोमवार को यह घोषणा लीगा एमएक्स रेगुलर सीजन के आखिरी मैचडे पर सैंटोस लगुना से 1-0 से हारने के बाद की। इस हार के साथ पचुका तालिका में नौवें स्थान पर आ गया, जिससे हिडाल्गो-बेस्ड क्लब को सडन-डेथ प्ले-इन राउंड में खेलना पड़ा। पचुका की आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में कहा गया है, खुली बातचीत और आपसी सहमति के बाद, जैमे लोजानो और हमारे संस्थान ने हटाने का फैसला किया है। पचुका 19 नवंबर को पुमास यूएनएएम की मेजबानी करेगा, जिसमें जीतने वाली टीम को अंतिम आठ में जगह बनाने के लिए क्लब तिजुआना और जुआरेज के बीच दूसरे प्ले-इन मुकाबले में हारने वाली टीम से भिड़ना होगा।

### मेलबर्न रेनेगेड्स ने सिडनी थंडर को हराया

**एडिलेड .** कप्तान जॉर्जिया वेयरहम (दो विकेट/ 58 रन) के शानदार प्रदर्शन के दम पर मेलबर्न रेनेगेड्स ने बिग बैश लीग (बीबीएल) टूर्नामेंट में सिडनी थंडर के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की और लगातार दूसरी बार प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। चोटिल सोफी मोलिनक्स की जगह खेलते हुए वेयरहम ने 149 रनों के लक्ष्य का पीछा किये जाने के दौरान 32 गेंदों में 58 रन बनाए और इससे पहले लेग स्पिन गेंदबाज वेयरहम ने 25 रन देकर 2 विकेट भी लिए। वेयरहम ने सिर्फ दो दिन पहले ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था और इस मैच में उन्होंने अपने प्रदर्शन को दोहराया। मैच के दौरान कई बार बारिश हुई, लेकिन खिलाड़ी खेलते रहे। थंडर ने अपने 20 ओवर में सात विकेट पर 148 रन बनाए, जिसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेनेगेड्स एक समय 73 रन पर 5 विकेट खोकर मुश्किल में थी। ऐसे संकट के समय वेयरहम और निकोल फाल्टम (26 गेंदों में 37 रन) ने मिलकर मैच जिताने वाली साझेदारी की। जिससे मेजबान टीम 11 गेंदें बाकी रहते मुकाबला जीत गई।

### विंडीज-अफगानिस्तान के बीच होगी टी-20 सीरीज

**नयी दिल्ली .** वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के बीच अगले साल शारजाह में 19 जनवरी से तीन टी-20 मैचों में सीरीज खेली जायेगी। भारत और श्रीलंका में अगले वर्ष फरवरी में होने वाले टी-20 विश्वकप के मद्देनजर 19 से 22 जनवरी तक शारजाह में होने वाली यह द्विपक्षीय सीरीज दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड निदेशक माइल्स बास्कोम्बे ने इस सीरीज के महत्व पर बल देते हुए कहा, यह सीरीज हमारी तैयारी के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करती है।उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में मजबूत प्रतिद्वंदियों का सामना करने से हमें अपने संयोजन और रणनीति को निखारने तथा उनके खिलाड़ियों को भारत और श्रीलंका जैसी पिचों पर आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### सीएम योगी आज करेंगे ट्रॉफी का अनावरण

**लखनऊ .** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरई की मेजबानी में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप की ट्रॉफी का बुधवार को यहां अनावरण करेंगे। जूनियर हॉकी विश्वकप की यह ट्रॉफी अपने प्रमोशनल टूर के तहत देश के अलग-अलग शहरों में घूमते हुए कल यहां पहुंच रही है और लखनऊ में रुकने के बाद यह उदयपुर जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास में आयोजित एक खास समारोह में इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी का अनावरण करेंगे।अनावरण समारोह में खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, हॉकी इंडिया के डायरेक्टर जनरल आर.के. श्रीवास्तव, खेल सचिव सुहास एल.वाई., खेल निदेशक डॉ. आर.पी. सिंह और उत्तर प्रदेश हॉकी के महासचिव रजनीश मिश्रा शामिल होंगे।



### एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट

# जैनिक सिनर की शानदार शुरुआत

**ट्यूरिन ( इटली ), 11 नवंबर. विश्व के नंबर दो टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स में अपने खिताब के बचाव की शुरुआत ओलंपिक मिश्रित युगल के कांस्य पदक विजेता फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे पर जीत के साथ की।**

इटली के दिग्गज सिनर ने सोमवार को

- **फेलिक्स ऑगर एलियासिमे को सीधे सेटों में हराया**

इंडोर हार्ड कोर्ट पर खेले गये मुकाबले में कनाडा के फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को 7-5, 6-1 से हराकर लगातार 27वीं जीत हासिल की। यह एटीपी फाइनल्स में बिना ब्रेक हुए उनकी लगातार छठी जीत है। मैच जीतने के बाद सिनर ने कहा, यहां खेलने का एक नया एहसास है, कोर्ट थोड़ा अलग है, इसलिए मैं खुश हूं कि हमने कैसे एडजस्ट किया। आपको पूरे मैच में फोकस रहना होता है, जैसे ही आप एक ब्रेक देते हैं, रिकवर करना बहुत मुश्किल हो जाता है। आज, मैं बहुत फोकस्ड था। मैं खुश हूं, देखते हैं अगला मैच कैसा जाता है।पेरिस मास्टर्स फाइनल में कनाडाई खिलाड़ी को हराने के ठीक आठ दिन बाद सिनर ने यह जीत दर्ज की है।

### वीनस विलियम्स करेंगी कीज का सामना

**वॉशिंगटन 11 नवंबर (वार्ता)** अमेरिका की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स 2026 सीजन से पहले एक प्रदर्शनी टेनिस मैच में ऑस्ट्रेलियन ओपन की विजेता हमवतन मैडिसन कीज का सामना करेंगी। शार्लोट स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह मुकाबला नॉर्थ कैरोलिना के स्पेक्ट्रम सेंटर में खेला जायेगा। चार बार की ओलंपिक चैंपियन वीनस विलियम्स चार दिसंबर को इस प्रदर्शनी मुकाबले में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 की विजेता मैडिसन कीज के खिलाफ खेलेंगी।

# राजस्थान में पहली बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स

## 200 विश्वविद्यालयों के सात हजार एथलीट 24 खेलों में आजमाएंगे दमखम

**नई दिल्ली 11 नवम्बर. राजस्थान 24 नवंबर से एक बार फिर इतिहास रचने जा रहा है। राज्य में पहली बार आयोजित होने जा रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी-2025) का आगाज़ होने वाला है, जो 5 दिसंबर तक चलेगा।**

- **राज्य के सात शहर करेंगे मेजबानी**

इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करना है। यह प्रतियोगिता देश में उभरती खेल प्रतिभाओं के लिए एक




बड़ा अवसर मानी जा रही है। यह केआईयूजी का पांचवां संस्करण है और पहली बार राजस्थान को मेजबानी का मौका मिला है। राज्य के सात प्रमुख शहर — जयपुर, अजमेर, भरतपुर, उदयपुर, कोटा, बीकानेर और जोधपुर — में इन खेलों का आयोजन होगा। जयपुर में मुख्य उद्घाटन समारोह के साथ खेलों की शुरुआत होगी। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। सभी संभागों में प्रशासनिक और खेल समितियों का गठन किया गया है।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में देशभर के लगभग 200 विश्वविद्यालयों के सात हजार से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिताएं कुल 24 खेलों में आयोजित होंगी, जिनमें शामिल हैं — तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, तलवारबाजी, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, मल्लखंभ, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती, योगासन, साइकिलिंग, बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग और कयाकिंग।

**भारत-द. अफ्रीका टेस्ट** ▶ **14 नवंबर से कोलकाता में शुरू होगी दो मैचों की टेस्ट सीरीज, 16 सीरीज में सिर्फ चार भारत के नाम, आठ बार प्रोटियाज ने मारी बाजी**

# शुभमन गिल की अगुवाई में सूखा खत्म करने उतरेगी टीम इंडिया

**कोलकाता11 नवंबर. भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 14 नवंबर से दो मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत होने जा रही है।**

- **घरेलू सरजमीं पर भारत का दबदबा**

यह मुकाबला न केवल दोनों टीमों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल है, बल्कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अपनी स्थिति मजबूत करने का भी अहम मौका है। इस वक्त भारतीय टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान (52 अंक, 61.90%) पर है, जबकि मौजूदा टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका पांचवें स्थान (12 अंक, 50%) पर है। दोनों ही टीमों की नजर फाइनल में जगह पक्की करने पर होगी। टेस्ट क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच प्रतिद्वंद्विता की शुरुआत 1992-93 में हुई थी। अब तक दोनों टीमों के बीच 16 द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज खेली जा चुकी हैं, जिनमें भारत ने 4 और दक्षिण अफ्रीका ने 8 सीरीज अपने नाम की हैं, जबकि चार सीरीज ड्रॉ पर समाप्त हुईं। यह रिकॉर्ड साफ़ दिखाता है कि अब तक प्रोटियाज का पलड़ा भारी रहा है। हालांकि, भारतीय टीम ने अपने घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है। भारत ने अपने घर पर खेले गए 7 टेस्ट सीरीज में से 4 जीतीं, जबकि दक्षिण अफ्रीका को केवल एक बार (साल 2000) जीत मिली, जब उन्होंने भारत को 2-0 से मात दी थी। वहीं, दो सीरीज ड्रॉ रहीं। इसके विपरीत, दक्षिण अफ्रीकी धरती पर भारत का प्रदर्शन कमजोर रहा है — वहां खेले गए 9 सीरीज में भारत एक भी नहीं जीत सका, सात बार प्रोटियाज विजयी रहे और दो ड्रॉ हुईं। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी पिछली टेस्ट सीरीज जीत छह साल पहले (2019) में दर्ज की थी, जब टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-0 से सीरीज जीती थी। उससे पहले, भारत ने 1996, 2004 और 2015 में भी जीत हासिल की थी। इस बार शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिया के पास छह साल का यह सूखा खत्म करने का सुनहरा मौका होगा। हालांकि, भारतीय टीम को ज्यादा आत्मविश्वास में नहीं आना चाहिए।



भारत के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की टीम में कप्तान तेम्बा बावुमा, एडन मार्करम, डेवाल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरेन, जुबैर हमजा, टोनी डी जोर्जी, वियान मुल्डर, केशव महाराज, कागिसो रबाडा, साइमन हार्मर, मार्को यानसेन, और सेनुरन मुथुसामी जैसे मजबूत नाम शामिल हैं। सीरीज के पहले मैच की शुरुआत कोलकाता के ईडन गार्डन्स से होगी,